दिनांक 26.11.2018

स्वच्छ भारत अभियान **स्वच्छ एवं सुदर भिलाई**

'डॉ.बी.आर.अंबेडकर की 125 वीं जयंती को' 'संविधान दिवस के' 'रूप में मनाया गया निगम उपायुक्त श्री ए0 के0 द्विवेदी की उपस्थिति में निगम सभागार में सभी विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियों को प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाई गई

भिलाईनगर/नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त श्री एस के सुंदरानी के आदेशानुसार नगर पालिक निगम मुख्यालय के समस्त विभाग प्रमुख एवं कर्मचारियो को निगम सभागार में एवं जोन कार्यालय में जोन आयुक्तो की उपस्थिति में आज 26 नवंबर 2018 समय 11 बजे डॉ. भीमराव आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस के रूप में मनाते हुए अधिकारी /कर्मचारियों को प्रस्तावना पढ़कर शपथ दिलाई गई ।

भारत सरकार द्वारा डा. बी.आर. आंबेडकर की 125 वीं जयंती के अवसर पर संविधान दिवस के रूप में मनाए जाने का निर्णय शासन के समस्त विभागों में लिया गया है डॉ. आंबेडकर भारतीय संविधान के प्रारूप निर्माण समिति के अध्यक्ष थे. भारतीय संविधान को 26 नवंबर 1949 को अंगीकृत किया गया था। 26 नवंबर 2018 को संपूर्ण भारत में संविधान दिवस के रूप में मनाया जाएगा इस अवसर पर प्रदेश के सभी शैक्षणिक संस्थाओं सभी शासकीय कार्यालय में भारतीय संविधान के प्रस्तावना को पढ़ा जावेगा।

जन सम्पर्क अधिकारी